# रिज़र्व बैंक ने रैपो रेट घटाई, आवास-वाहन ऋण सस्ते होने की आशा

## पाँच साल अपरिवर्तित रखने के बाद रिज़र्व बैंक ने 0.25 प्रतिशत दर घटाई

■ आर्थिक विकास की गति कम होने और मुद्रास्फीति लक्ष्य के करीब पहुँचने की चिंताओं के बीच रिज़र्व बैंक ने यह निर्णय लिया है। इससे भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलने की आशा है।

मुंबई, 07 फरवरी। भारतीय रिजर्व बैंक ने चुनौतीपूर्ण वैश्विक आर्थिक परिदृश्य के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत और लचीली बनी रहने और आगे महंगाई में नरमी आने की उम्मीद जताते हुये करीब पांच वर्ष बाद नीतिगत दरों में 0.25 प्रतिशत की कटौती तथा मौद्रिक रूख को 'तटस्थ' रखने का निर्णय लिया जिससे आवास ऋण, वाहन ऋण और व्यक्तिगत ऋणों के सस्ते होने की उम्मीद बनी है।

लगातार ग्यारहवीं बैठक में बेंचमार्क रैपो दर को 6.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखने के बाद केंद्रीय बैंक ने आर्थिक विकास की गति कम होने और मुद्रास्फीति के अपने 4 प्रतिशत लक्ष्य के करीब पहुँचने के संकेतों के बारे में बढ़ती चिंताओं के बीच दरों में कटौती की है। रिजर्व बैंक ने लगभग पाँच वर्षों में पहली बार बेंचमार्क दरों में कटौती की। इससे पहले कोरोना के दौरान मई 2020 में रैपो दर में 40 आधार अंकों की कटौती करके इसे 4 प्रतिशत किया गया था।

रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने मौद्रिक नीति समिति की चालू वित्त वर्ष की मौद्रिक नीति की छठी और अंतिम तीन दिवसीय द्विमासिक बैठक में लिए गये निर्णयों की जानकारी देते हुये कहा कि मुद्रास्फीति लक्ष्य के अनुरूप है। समिति ने सर्वसम्मति से दरों में कटौती करने और रुख को बनाए रखने का निर्णय लिया।

उन्होंने कहा कि बढ़ती वैश्विक अनिश्चितता के बीच समिति ने सर्वसम्मति से बेंचमार्क नीति दरों में 25 आधार अंकों की कटौती करके इसे 6.50 प्रतिशत से 6.25 प्रतिशत करने का निर्णय लिया। परिणामस्वरूप, स्थायी जमा सुविधा (एसडीएफ) दर 6.00 प्रतिशत होगी और सीमांत स्थायी सुविधा (एमएसएफ) दर तथा बैंक दर 6.50 प्रतिशत होगी।

उन्होंने कहा कि अगले वित्त वर्ष के लिए वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि 6.7 प्रतिशत रहने की उम्मीद है जिसमें पहली तिमाही 6.7 प्रतिशत, दूसरी तिमाही 7 प्रतिशत, तथा तीसरी और चौथी तिमाही 6.5 प्रतिशत रहेगी। चालू वित्त वर्ष में विकास दर 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष में खुदरा महंगाई के 4.4 प्रतिशत रहने की उम्मीद है जिसमें चौथी तिमाही में इसके 4.4 प्रतिशत रहने की संभावना है। अगले वित्त वर्ष में खुदरा महंगाई के 4.2 प्रतिशत पर रहने का अनुमान जताते हुये उन्होंने कहा कि खुदरा महंगाई पहली तिमाही में 4.5 प्रतिशत, दूसरी तिमाही में 4.0 प्रतिशत, तीसरी तिमाही 3.8 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 4.2 प्रतिशत रह सकती है।

# भारत ने बंगलादेश के उच्चायुक को तलब किया

नयी दिल्ली, 07 फरवरी। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार की शाम बंगलादेश के कार्यवाहक उच्चायुक्त को तलब किया और ढ ाका में बंगलादेश के अधिकारियों द्वारा भारत के बारे में नकारात्मक टिप्पणियों पर नाराजगी प्रकट की तथा सलाह दी कि आपसी संबंधों में माहौल खराब नहीं किया जाना चाहिए।

■ भारत ने कहा कि बंगलादेश के अधिकारियों के नियमित बयान भारत को नकारात्मक रुप से चित्रित करते हैं। ये बयान लगातार नकारात्मकता के लिये जिम्मेदार हैं।

मीडिया के सवालों के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, भारत में बंगलादेश के कार्यवाहक उच्चायुक्त मो. नूरुल इस्लाम को आज 07 फरवरी को शाम पांच बजे साउथ ब्लॉक में बुलाया गया था। उन्हें यह बताया गया कि भारत बंगलादेश के साथ एक सकारात्मक, रचनात्मक और पारस्परिक रूप से लाभकारी संबंध चाहता है, जिसे हाल की उच्च स्तरीय बैठकों में कई बार दोहराया गया है।

# मतगणना से पहले भाजपा व आप में आरोपों की जंग छिड़ी

## केजरीवाल ने आरोप लगाया कि भाजपा आप प्रत्याशियों को 15 करोड़ का ऑफर दे रही है। भाजपा की मांग पर एलजी ने जांच का आदेश दिया

■ जांच के लिये गई एसीबी की टीम को केजरीवाल के घर में नहीं घुसने दिया गया। दो घंटे के ड्रामे के बाद एसीबी की टीम वापस लौटी।

नई दिल्ली, 07 फरवरी। दिल्ली में शनिवार को रिजल्ट-डे है और उससे पहले ही पार्टियों के बीच सियासी घमासान शुरू हो गया है। वार-पलटवार हो रहे हैं। पहले आम आदमी पार्टी के मुखिया ने अपने 70 प्रत्याशियों संग बैठक की और बीजेपी पर खरीद-फरोख्त का आरोप लगाया। अरविंद केजरीवाल ने दावा किया कि भाजपा ने उनके विधायकों और कैंडिडेट्स को फोन पर 15-15 करोड़ के ऑफर दिए। फिर भाजपा ने बैठक बुलाई और तय हुआ कि उपराज्यपाल वीके सक्सेना से आप के आरोपों की जांच करने की मांग की जाएगी। भाजपा एलजी के पास पहुंची और उन्होंने एंटी करप्शन ब्यूरो को मामले की जांच करने का आदेश दे दिया। इसके बाद एसीबी की टीम केजरीवाल के घर पहुंची, लेकिन उन्हें घुसने नहीं दिया गया, जिसके बाद टीम को लौटना पड़ा।

उपराज्यपाल वीके सक्सेना के आदेश के बाद एसीबी की टीम केजरीवाल के घर जांच करने के इरादे से पहुंची, लेकिन उन्हें घर के अंदर नहीं घुसने दिया गया है। एसीबी की टीम से पूछा गया कि नोटिस दिखाए। ऐसे कैसे किसी के घर में बिना किसी कानूनी नोटिस के जांच के लिए पहुंचा जा सकता है। यह गैरकानूनी तरीका है। केजरीवाल के घर के बाहर ये पूरा ड्रामा लगभग 2 घंटों तक चला। आखिरकार एसीबी की टीम को केजरीवाल के दरवाजे से वापस लौटना पड़ा।

इस मामले में एसीबी ने आप सांसद संजय सिंह से भी पूछताछ की, लेकिन सूत्रों के मुताबिक उन्होंने जांच में सहयोग नहीं दिया।

एसीबी (एंटी करप्शन ब्यूरो) के सूत्रों के मुताबिक, संजय सिंह ने उन 16 उम्मीदवारों के नाम मुहैया नहीं कराए, जिन्हें कथित तौर पर पैसे का लालच देने का आरोप है। उन्होंने केवल मुकेश अहलावत का नाम सामने रखा। इस मामले में पहले 7 उम्मीदवारों को पैसे का लालच दिए जाने की बात सामने आई थी, लेकिन बाद में 16 उम्मीदवारों के नाम सामने आए। सूत्रों के मुताबिक, इस पर सवाल उठते हुए एसीबी ने संजय सिंह से यह भी पूछा कि कितने उम्मीदवारों को पैसे का लालच देकर पार्टी छोड़ने के लिए कहा गया, लेकिन इसका भी जवाब नहीं मिला।

दिल्ली भाजपा के महासचिव विष्णु मित्तल ने दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना को आम आदमी पार्टी के आरोपों पर चिट्ठी लिखी। उन्होंने यह अनुरोध किया कि अरविंद केजरीवाल और संजय सिंह को बुलाया जाए और विधायकों से संपर्क करने वाले व्यक्ति के विवरण और संपर्क के तरीके और माध्यम आदि के संबंध में विस्तृत पूछताछ की जाए। सच्चाई का पता लगाने के लिए जांच की जानी चाहिए। उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना ने बीजेपी की मांग पर जांच के आदेश दे दिये।

बीजेपी पर आम आदमी पार्टी के प्रत्याशियों को खरीदने का ऑफर देने का आरोप लगाने के बाद आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल ने अपने 70 प्रत्याशियों संग बैठक की। यह बैठक अरविंद केजरीवाल के घर 5 फिरोजशाह रोड पर हुई। इस बैठक में 70 प्रत्याशियों के साथ-साथ मुख्यमंत्री आतिशी और पार्टी के अन्य बड़े नेता भी शामिल हुए।

आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में दावा किया कि आप के 16 उम्मीदवारों को बीजेपी की ओर से मंत्री पद और पार्टी बदलने पर 15-15 करोड़ रुपये देने का प्रस्ताव मिला है। केजरीवाल ने अपने पोस्ट में कहा, कुछ एजेंसियां दिखा रही हैं कि बीजेपी की 55 से ज्यादा सीट आ रही हैं।

पिछले दो घंटे में हमारे 16 उम्मीदवारों के पास फोन आ गए हैं कि आप छोड़ के उनकी पार्टी में आ जाओ, मंत्री बना देंगे और हर एक को 15-15 करोड़ देंगे। अगर इनकी पार्टी की 55 से ज्यादा सीटें आ रहीं हैं, तो हमारे उम्मीदवारों को फोन करने की क्या जरूरत है? जाहिर तौर पे ये फर्जी सर्वे करवाये ही इसलिए गए हैं, ताकि ये माहौल बनाकर कुछ उम्मीदवारों को तोड़ा जा सके, लेकिन हमारा एक भी आदमी नहीं टूटेगा।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आरोपों को खारिज करते हुए इन्हें चुनावी हार को लेकर आप की हताशा का संकेत बताया।

## 'महाराष्ट्र में टोटल वयस्क...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कौन हैं? यह संख्या हिमाचल प्रदेश के वोटरों की कुल संख्या के बराबर है। दूसरा प्रश्न यह है कि महाराष्ट्र में मतदाताओं की संख्या, राज्य में वोट डालने वालों की कुल संख्या से ज्यादा क्यों है? किसी न किसी तरह, महाराष्ट्र में मतदाता एकाएक सृजित किये गये हैं।" राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि राज्य में मतदाताओं की संख्या, राज्य की कुल वयस्क जनसंख्या से ज्यादा है।

उन्होंने कहा कि अगर चुनाव आयोग महाराष्ट्र के लोकसभा एवं विधानसभा चुनावों की वोटर लिस्ट उपलब्ध नहीं कराता है, तो इससे गंभीर प्रश्न पैदा होते हैं। राहुल ने पत्रकारों से कहा, "हम इस समय संविधान के पूर्ण विनाश की ओर बढ़ रहे हैं। लेकिन, संविधान की रक्षा हमारा काम है।"

उन्होंने कहा, "हमारा अगला कदम होगा न्यायपालिका का दरवाज़ा खटखटाना।"

गांधी ने कहा, "यह मेरे लिये बड़ी आश्चर्यजनक बात है कि चुनाव आयोग हमें वोटर लिस्ट देने के लिये तैयार नहीं है, और इसका एक ही कारण संभव है कि कहीं कुछ गड़बड़ी है और आयोग इस बात को जानता है।"

उनके द्वारा लगाए गए आरोपों के संदर्भ में चुनाव आयोग ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, "चुनाव आयोग राजनीतिक पार्टियों को प्राथमिक हितधारक मानता है, मतदाता तो प्रथम हितधारक हैं ही। आयोग राजनीतिक दलों के विचारों, सुझावों तथा उनकी तरफ से आने वालों प्रश्नों को बहुत अधिक महत्व देता है। आयोग लिखित में जवाब देगा।"

इस बीच, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस ने, महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में गड़बड़ियों के कांग्रेस सांसद के आरोपों को लेकर राहुल गांधी पर हमला बोला और कहा, "जब एक ही जोक बार-बार बताया जाता है तो उस पर हंसा नहीं करते।"

एक्स पर एक पोस्ट में फड़नवीस ने लिखा, "जब एक ही चुटकुला बार-बार सुनाया जाए तो उस पर हंसा नहीं करते।" फड़नवीस ने अपनी पोस्ट में राहुल गांधी को टैग भी किया।

## अमेरिका ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )


ग्रहण समारोह के बाद अमेरिका की यात्रा करने वाले कुछ गिने चुने विश्व नेताओं में से एक होंगे और यह तथ्य कि प्रधानमंत्री को नए प्रशासन के पद संभालने के बमुश्किल तीन सप्ताह के भीतर अमेरिका की यात्रा करने के लिए आमंत्रित किया गया है, यह भारत-अमेरिका साझीदारी के महत्व को दर्शाता है और द्विदलीय समर्थन को भी प्रतिबिंबित करता है, जो इस साझीदारी को अमेरिका में प्राप्त है।

## सेंट स्टीफन्स ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

इसके साथ ही माता-पिता की आशाएं और अपेक्षाएं बच्चों की चिन्ता को कई गुना बढ़ा देती हैं। शिक्षा एवं प्रतियोगिता में रटने पर भारी भरोसा तथा परीक्षा के मानकीकृत आकलन के कारण फेल हो जाने का डर बहुत बढ़ गया है।

मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ स्कूलों में यथोचित परामर्श-सेवाओं की कमी को इसका कारण मानते हैं। इस कमी के चलते, विद्यार्थियों को चिन्ता, अवसाद तथा दबाव एवं तनाव से संबंधित अन्य परेशानियों को सहजता से लेने के लिये जरूरी एवं महत्वपूर्ण सम्बल नहीं मिल पाता है। शिक्षाविद् ऐसे सुधारों के सुझाव देते हैं, जिनका फोकस, परीक्षाओं को स्किल ऑरिएन्टेड तथा होलिस्टिक बनाने पर, समझ को ग्रेड पर वरीयता दिये जाने पर, तथा बच्चों के मानसिक-स्वास्थ्य-सम्बलन पर हो। माता-पिता को प्रेरित-प्रोत्साहित किया जाये कि वे परिणाम आधारित आकांक्षाओं की बजाय, शिक्षा के प्रति ग्रोथ माइन्डसैट को महत्व दें। शिक्षाविदों के अनुसार, विद्यार्थियों का तनाव करने के लिये उक्त सुधारों तथा माता-पिता की सोच में बदलाव बहुत आवश्यक है।



*आध्यात्म के आकर्षण से प्रेरित अभिनेता राजकुमार राव, अभिनेत्री नीना गुप्ता और अभिनेता संजय मिश्रा ने शुक्रवार को त्रिवेणी की पावन धारा में स्नान किया। हिन्दी फ़िल्मों की अभिनेत्री, टीवी कलाकार और फिल्म निर्माता तथा निर्देशक, नीना गुप्ता ने कहा, मैं सालों से यहां आना चाहती थी। यह एक अनोखा अनुभव है। आखिरकार, आज मैंने डुबकी लगा ही ली। यहां का माहौल अविश्वसनीय है। मैंने अपने जीवन में इससे बड़ा जनसमूह पहले कभी नहीं देखा।*

## 'कांग्रेस को 20-25 साल...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

आप राम बन गया। कांग्रेस सरकार ने इसमें रोड़े अटकाए, लेकिन हमारी सरकार ने इसे आगे बढ़ाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पेपर लीक करने वालों को मैं छोड़ने वाला नहीं हूं। 200 से ज्यादा को पकड़ लिया, और भी कई कतार में है। जिसने भ्रष्टाचार किया है, उसको बख्शने वाला नहीं हूं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस वालों को दूसरों की बात सुनने की आदत नहीं है, नहीं तो ये सदन का बहुमूल्य समय खराब नहीं करते। हमारी सरकार ने दिसंबर तक की सामाजिक सुरक्षा पेंशन का भुगतान कर दिया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस राज के दौरान एक पंचायत तक को जिला बना दिया। यह पोपाबाई का राज है क्या, यह ऐसे थोड़ी चलेगा। राज नियम और कानून- कायदे से चलेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब मैं बजरी खनन का नाम लेता हूं, तो मेरे विपक्ष के नेताओं के मन में सांप लोटने लग जाते हैं। अरे भाई, ऐसा क्या हो जाता है। राजस्थान की जनता को एक-एक पाई का हिसाब देना पड़ेगा। यह किसान का बेटा है, यह खींचना भी जानता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आपकी आवाज मेरी आवाज को दबाने वाली नहीं है। देखते जाइए, मेरी आवाज भी बढ़ती जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह भजनलाल की आवाज नहीं, 8 करोड़ राजस्थान की जनता की आवाज है। अंग्रेज स्कूल खोलने के नाम पर विद्यार्थियों से धोखा किया गया। इन अंग्रेजी स्कूलों में न तो आधारभूत संरचना थी और न स्टाफ और टीचर लगाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसी कोई योजना हो, जिसमें कोई काम नहीं करना हो, वह योजना महात्मा गांधी के नाम पर आती है। कांग्रेस सरकार ने 3000 से ज्यादा स्कूलों को राशि उपलब्ध नहीं कराई, जिससे वे स्कूल दयनीय हालत में चलते रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार अंग्रेजी और हिंदी दोनों स्कूलों में शिक्षक उपलब्ध करवाएगी।

मुख्यमंत्री ने डोटासरा से कहा कि मुझे एक बात का दुख है। प्रतिपक्ष के नेता के रूप में भैरो सिंह शेखावत, परसराम मदेरणा, गुलाबचंद कटारिया, वसुंधरा राजे, लक्ष्मण सिंह, राजेन्द्र राठौड़, रामनारायण चौधरी जैसे नेता रहे। ऐसा कभी नहीं हुआ कि नेता प्रतिपक्ष का भाषण न हुआ हो। आपके धोखे ने प्रतिपक्ष के नेता को बोलते नहीं दिया, यह पहली बाहर हुआ, मुझे बहुत दुख हो रहा है। मुझे बहुत दुख है कि जूली आप डोटासरा की चाल में आ गए।

राज्यपाल के अभिभाषण पर जवाब के दौरान, मुख्यमंत्री कई बार पसीना पोंछते दिखे। विपक्ष की तरफ से किसी ने तंज कसा तो मुख्यमंत्री ने कहा कि पसीना बहाए बिना पानी नहीं आता।

## कांग्रेस ने मंत्री...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

वासुदेव देवनानी ने जूली से कहा कि प्रश्नकाल चल रहा है, इसके बाद आपको बोलने का मौका मिलेगा।

आज राज्यपाल के अभिभाषण की चर्चा का आखिरी दिन है और आज मुख्यमंत्री भी सदन में मौजूद रहेंगे और आपके सवालों का जवाब देंगे, फिलहाल प्रश्नकाल की कार्यवाही को बाधित नहीं करें। परंतु जूली और विपक्ष के सदस्यों ने स्पीकर के आग्रह की अनदेखी करते हुए हंगामा जारी रखा।

शोरगुल व नारेबाजी के बीच ही प्रश्नकाल की कार्यवाही पूरी हुई। शून्यकाल शुरू होने के बाद भी करीब 15 मिनट तक स्पीकर ने समझाइश की, लेकिन जब विपक्ष नहीं माना तो देवनानी ने सदन की कार्यवाही 12 बजकर 10 मिनट पर एक बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

बाद में 1 बजे सदन की कार्यवाही फिर शुरु होने पर विपक्ष के सदस्यों का हंगामा जारी रहने पर सदन की कार्यवाही अपराह्न दो बजे तक स्थगित कर दी गई।

अपराह्न दो बजे सदन की कार्यवाही फिर शुरु हुई लेकिन विपक्ष के सदस्यों का हंगामा जारी रहा और सदन की कार्यवाही हंगामें के बीच ही चलती रही।

कांग्रेस के सदस्य आज सदन में हाथ पर काली पट्टी बांधकर आये और अपना विरोध जताया।

# महाकुंभ मेले में आग से कई शिविर जले

महाकुंभनगर, 07 फरवरी। महाकुंभ नगर में सेक्टर 18 तुलसी और शंकराचार्य मार्ग पर एक शिविर में शुक्रवार को आग लग गई। दमकल की एक दर्जन से अधिक गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया है।

■ एक दर्जन दमकलों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

कल्पवासी थाना प्रभारी निरीक्षक अजब सिंह ने बताया कि जीटी रोड पर तुलसी चौराहे के पास शंकराचार्य मार्ग पर स्थित इस्कॉन मंदिर शिविर के बाद देवी संपदा मठ के शिविर में आग लगी। आगे पीछे से दोनों शिविर एक दूसरे से सटे थे। उन्होंने बताया कि एक दर्जन से अधिक दमकल की गाडियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग कैसे लगी इसके बारे में तत्काल कोई जानकारी उपलब्ध नहीं हो सकी है।

उन्होंने बताया कि आग लगने की सूचना के तुरंत बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने क्षेत्र की घेराबंदी कर दी। भीड़ को मौके से हटाया गया।

सिंह ने बताया कि हवा तेज थी जिससे देवी संपदा मठ के शिविर में आग लगी। आग पर काबू पा लिया गया है, किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नही है, कई शिविर जलकर खाक हो गए हैं।

गौरतलब है कि 20 दिन के भीतर महाकुंभ में आग लगने की यह तीसरी घटना है। इससे पहले सेक्टर 19, सेक्टर 22 आग लगी थी। हालांकि इन तीनों घटनाओं में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

# रईसज़ादे की तेज रफ्तार कार ने मुरादाबाद में पाँच छात्राओं को कुचला

## निजी अस्पताल में भर्ती स्कूली छात्राओं में से तीन की हालत गंभीर है

■ मौके पर भीड़ ने कार चालक शगुन को पकड़ा। पुलिस के अनुसार, कार चालक नाबालिग है और उसके पास ड्राइविंग लायसैंस भी नहीं है।

मुरादाबाद, 07 फरवरी । उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में एक रईसजादे की तेज़ रफ़्तार अनियंत्रित कार ने शुक्रवार को पांच छात्राओं को कुचल दिया। घायल छात्राओं को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनमें तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है।

पुलिस अधीक्षक (अपराध)ने आज बताया कि सिविल लाइन्स थाना क्षेत्र के अंतर्गत रामगंगा विहार इलाके में आज लगभग 12 बजे नीले रंग की एक अनियंत्रित बलेनो कार रास्ते में जा रही स्कूली छात्राओं के ऊपर जा चढ़ ी। कार की चपेट में आने से छात्राओं में चीख-पुकार मच गई। मौके पर मौजूद भीड़ ने जैसे-तैसे कार चला रहे शगुन (19)को पकड़ लिया और घटना की सूचना थाना सिविल लाइंस पुलिस को दी। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर घायल छात्राओं को अस्पताल में भर्ती कराया तथा कार चालक शगुन को हिरासत में लेकर, यूपी 27 ए एस 2525 नंबर की कार को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने बताया है कि आरोपी कार चालक नाबालिग है और उसके पास ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं है।

सभी घायल छात्राएं शिर्डी साईं स्कूल में 12 वीं क्लास में पढ़ ती हैं। हादसे के दौरान छात्राएं स्कूल से घर वापस जा रही थीं। थाना पुलिस चालक से पूछताछ कर रही है।

## शारीरिक शिक्षकों को ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

दिसंबर को उन्हें आवेदन पत्र में गलत जानकारी व मिसमैच होने के आधार पर नोटिस जारी कर पूछा कि क्यों न उन्हें सेवा से बर्खास्त कर दिया जाए, जबकि उन्होंने मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी से बीपीएड किया था।

वहीं, राज्य सरकार व चयन बोर्ड ने दो से तीन बार जांच के बाद ही उन्हें नियुक्ति दी है। इसके अलावा, सरकारी कर्मचारियें पर सीसीए नियमों के तहत कार्रवाई की जा सकती है। इसलिए उन्हें सेवा में बनाए रखा जाए। वहीं, विभाग की ओर से कहा गया कि याचिकाकर्ताओं के आवेदन पत्र और मूल दस्तावेजों में अंतर मिला है।

ऐसे में उन्हें सेवा से हटाने का नोटिस दिया गया है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने माना कि कोई भी कार्रवाई करने से पहले दस्तावेजों की जांच व याचिकाकर्ताओं को व्यक्तिगत सुनवाई का मौका दिया जाना चाहिए।

## हाई कोर्ट ने ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

गौरतलब है कि राज्य सरकार ने मुनेश गुर्जर को सर्वप्रथम 5 अगस्त, 2023 को निलंबित किया था। इस निलंबन पर(हाईकोर्ट ने रोक लगा दी थी।

इसके बाद राज्य सरकार ने निलंबन आदेश वापस ले लिया था। इसके बाद सरकार ने जांच के बाद सितंबर माह में मुनेश को फिर से निलंबित कर दिया था। इस आदेश को हाईकोर्ट ने दिसंबर, 2023 में रद्द कर दिया था।

# प.बंगाल पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट से चार मरे

कोलकाता, 07 फरवरी। पश्चिम बंगाल में नादिया जिले के कल्याणी इलाके में शुक्रवार को एक पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट होने से तीन महिलाओं सहितद्ध कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और एक अन्य महिला गंभीर रूप से झुलस गई। ? आधिकारिक सूत्रों ने बताया गंभीर रूप से घायल महिला को कल्याणी के जवाहरलाल नेहरू अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अवैध बताई जा रही यह पटाखा फैक्ट्री आज दोपहर को जलकर राख हो गई।

■ कल्याणी नगर पालिका के घनी आबादी क्षेत्र में स्थित यह फैक्ट्री अवैध बताई जा रही है। विस्फोट में फैक्ट्री जल कर राख हो गई।

सूत्रों ने बताया कि सभी पीड़ित संभवतः इस पटाखा फैक्ट्री के कर्मचारी थे। यह फैक्ट्री कल्याणी नगरपालिका वार्ड नंबर 20 के अंतर्गत घनी आबादी वाले रथतला क्षेत्र में स्थित थी। राणाघाट पुलिस स्टेशन से एक कानून प्रवर्तन एजेंसी जांच के लिए यहां पहुंची।

अग्निशमन विभाग के सूत्रों ने बताया कि विस्फोट दोपहर करीब 2:30 बजे हुआ। विस्फोट से आग की लपटें उठने लगीं, जिन्हें एक घंटे के भीतर काबू कर लिया गया। सूत्रों ने बताया कि विस्फोट वाले क्षेत्र में किसी के जीवित बचे होने के बारे में उन्हें निश्चित रूप से पता नहीं है।

# अलास्का के पहाड़ी इलाकों से विमान लापता

## बेरिंग एयर के सैस्ना 208बी विमान में नौ यात्री व एक पायलट सवार थे

■ विमान के आखरी सम्पर्क स्थल के 50 किलोमीटर दायरे में सक्रिय रूप से खोज अभियान चलाया जा रहा है। आवश्यकता पड़ने पर मदद के लिये एक और दल भेजने की बात कही जा रही है।

सैन फ्रांसिस्को, 07 फरवरी। अमेरिका के अलास्का प्रान्त के प्रमुख शहर नोम के पास 10 लोगों को ले जा रहा एक विमान लापता हो गया है। विमान का पता लगाने के लिए गहन अभियान चलाया गया है। अलास्का पहाड़ी इलाका है और यहां का मौसम हमेशा से ही चुनौतीपूर्ण रहा है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अलास्का स्टेट टूपर्स ने बताया कि विमान में गुरुवार दोपहर नौ यात्री और एक पायलट सवार थे। उन्होंने बताया कि अलास्का रेस्क्यू कोऑर्डिनेशन सेंटर ने उनसे लापता विमान के संबंध में शाम चार बजे संपर्क किया था। नोम वालंटियर फायर डिपार्टमेंट के अनुसार, बेरिंग एयर के स्वामित्व वाला सेसना 208बी ग्रैंड कारवां विमान ने अनलाकलीट से नोम के लिए उड़ान भरी थी।

फ़्लाइट रडार के अनुसार, विमान से आखिरी बार संपर्क नॉर्टन साउंड पर अपराह्न 3:16 बजे हुआ था। व्हाइट माउंटेन के अग्निशमन प्रमुख जैक एडम्स ने कहा कि विमान नोम से टॉपकोक के तट पर रडार से गायब हो गया।

एडम्स के अनुसार, बचावकर्मी उस क्षेत्र में लगभग 30-मील (50-किलोमीटर) क्षेत्र में सक्रिय रूप से खोज अभियान चला रहे थे। उन्होंने कहा, "अगर उन्हें कुछ नहीं मिलता है, तो हम दूसरे दल को वहां मदद के लिए भेजेंगे। तटरक्षक बल क्षेत्र का निरीक्षण कर रहा है और स्थान का पता लगाने के प्रयास में सी-130 ग्रिड पैटर्न में उड़ान भरेगा।

# 'संसद की कार्यवाही 120 दिन चले'

नयी दिल्ली, 07 फरवरी। संसद की कार्यवाही एक साल में 120 दिन करने की मांग वाला निजी विधेयक आज राज्यसभा में पेश किया गया। गैर सरकारी सदस्यों के विधायी कार्य के दौरान राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के मनोज झा और तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओ ब्राईन ने इसको लेकर अलग अलग निजी विधेयक पेश किये। झा ने जहां संसद की कार्यवाही एक वर्ष में 120 दिन चलाने की मांग वाला विधेयक पेश किया, वहीं ओ ब्राईन ने 100 दिन किये जाने की मांग वाला विधेयक सदन में रखा।

झा ने संसद ( उत्पादकता वृद्धि) विधेयक 2024 पेश करते हुये कहा कि संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही 120 चलायी जानी चाहिए।

## कड़ी सुरक्षा ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सख्त कदम उठाए गए हैं।

शुक्रवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए श्रीवास्तव ने बताया कि केवल अधिकृत कर्मचारियों को मतगणना केन्द्रों के अंदर जाने की अनुमति होगी तथा परिसर के अंदर सैलफोन के इस्तेमाल पर सख्त पाबंदी होगी।

किसी भी तरह के खतरे की संभावना के मद्देनज़र दिल्ली पुलिस ने पहले ही सभी मतगणना केन्द्रों पर "एन्टी सैबोटाज" चैक कर लिए हैं। इसके साथ ही मतगणना के दौरान शहर में वाहनों का सुचारु संचालन सुनिश्चित करने के लिए, ट्रैफिक मैनेजमैंट प्लान बनाए गए हैं।

राष्ट्रदूत ( एचयूएफ ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू ( राज. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2009/28296 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600